# राम व्याकुल पूछें लखन से मेरी सीता कहां खो गई है

राम व्याकुल पूछें लखन से,
मेरी सीता कहां खो गई है,
पंचवटी में घटी एक घटना,
मेरी सीता कहां खो गई है।bd।

---

दश दिशाओं से भी पूछ रहे है,
मेरी सीता को देखें कोई क्या,
पेड़ पौधे और पक्षियों से पूछें,
जाते सीता को देखें कोई क्या,
जाते सीता को देखे कोई क्या,
कोई बता ना रहा रघुवर को,
वन में भाई दोनों रो रहे हैं,
राम व्याकुल पूछे लखन से,
मेरी सीता कहां खो गई है।bd।

---

आगे जाकर जटायु को देखा,
लड़ते लड़ते वो घायल पड़ा था,
छल से सीता को हर लिया है रावण,
घटनाएं सब उसने सुनाई,
घटनाएं सब उसने सुनाई,
उस पापी को करना प्रभु दंडित,
मैंने सारा पता दे दिया है,
मेरी सीता कहां खो गई है।bd।

---

राम व्याकुल पूछें लखन से,
मेरी सीता कहां खो गई है,
पंचवटी में घटी एक घटना,
मेरी सीता कहां खो गई है।bd।

स्वर – महेश कुमार मोनू।
**+91 9264206929**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com